सफल हुआ है उन्ही का जीवन

सफल हुआ है उन्ही का जीवन जो तेरे चरणों में आ चुके है,
उन्ही को तेरा हुआ है दर्शन जो तेरे चरणों में आ चुके है,

ना पाया तुझको अमीर बन कर ना पाया तुझको फ़कीर बन कर,
उन्ही की पूजा हुई हो पुराण जो तेरे चरणों में आ चुके है,
उन्ही को तेरा हुआ है दर्शन जो तेरे चरणों में आ चुके है,

यहाँ भी जिसने तुम्हे पुकारा वही प्रगट हो दिया सहारा,
कटे है उनके दुखो के बंधन जो तेरे चरणों में आ चुके है,
उन्ही को तेरा हुआ है दर्शन जो तेरे चरणों में आ चुके है,

शरण तुम्हारी जो जन भी आते किरपा से तेरी वो मुक्ति पाते,
उन्हें सुखो का मिला है साधन जो तेरे चरणों में आ चुके है,
उन्ही को तेरा हुआ है दर्शन जो तेरे चरणों में आ चुके है,

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/5300/title/safal-huya-hai-unhi-ka-jeewan-jo-tere-charno-me-aa-chuke-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |